# बीएचयू स्नातकोत्तर पंजीकरण 2023-24 में आपका स्वागत है।


चरण : I

1. बी.एच.यू. प्रवेश वेबसाइट पर जाने हेतु नीचे दिये गए लिंक पर क्लिक करें : https://www.bhuonline.in/


2. प्रवेश करें: BHU PG ADMISSION REGISTRATION 2023-24

3. अभ्यर्थियों द्वारा अपना पंजीकरण शुरू करने से पूर्व पोर्टल महत्वपूर्ण दिशानिर्देश प्रदर्शित करेगा । अभ्यर्थी उन निर्देशों को ध्यान से पढ़ें और आगे बढ़ने के लिए बॉक्स पर टिक करें। बॉक्स पर टिक करने के बाद ही न्यू रजिस्ट्रेशन(New Registration) विकल्प सक्रिय होगा।

इस प्रकार का इंटरफ़ेस प्रदर्शित होगा :



न्यू रजिस्ट्रेशन(NEW REGISTRATION) पर क्लिक कर पंजीकरण आरंभ करें और विवरण भरें:



SIGN IN

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय BANARAS HINDU UNIVERSITY

Helpline Number :
7839888164 / 7839888165
admissionenquiry@bhu.ac.in

Welcome to BHU PG Admission Registration 2023-24

Registration

Note: Kindly fill the detail's as you had furnished in NTA application form.

NTA Application Number:* NTA Application Number
Please Enter your Correct NTA Application Number.
Re-Type NTA Application Number:* Re-Type NTA Application Number
Name of Applicant:* First Name Middle Name Last Name
Date of Birth:*
Gender:* - Select -
Father's Name: * Father's Name
Please Don't add any salutation like Mr./Dr. etc before the Name.
Mother's Name: * Mother's Name
Please Don't add any salutation like Ms./Mrs./Dr. etc before the Name.
Email ID:* Email
Please note that all communication related to your Application including the Verification link for registration will be sent to this email Id.
Create Password:* Create Password
Confirm Password:* Confirm Password
Your password length should be 8-20. (It must contain at least one letter, one number and one special character).
Country Code. :* + 91 Applicant's Mobile No.:* Mobile
Captcha:*
Not readable? Change text.
Enter captcha word here : Enter Captcha
Sign up

4. कृपया अपना 12 अंकों का एनटीए आवेदन संख्या दर्ज करें।
5. 12 अंकों का एनटीए आवेदन संख्या पुनः दर्ज करें।
6. अभ्यर्थी का नाम, जन्मतिथि, लिंग, पिता का नाम, माता का नाम {कृपया नाम से पहले श्रीमान, सुश्री डॉ. आदि जैसे कोई अभिवादन न जोड़ें)।
7. कृपया ध्यान दें कि एक्टिवशन के लिए वेरिफिकेशन कोड सहित आपके आवेदन से संबंधित समस्त सूचनाएं इसी ईमेल पता पर भेजे जाएंगे। इसलिए, अभ्यर्थियों को अपना उचित/सक्रिय ईमेल पता चुनना चाहिए। छह अंकों का वेरिफिकेशन कोड अभ्यर्थी के पंजीकृत मोबाइल नंबर के साथ ही उसके ईमेल पर भी भेजा जाएगा।
8. पासवर्ड बनाएं(Create Password) : पासवर्ड की लंबाई 8 से 20 के बीच होनी चाहिए (इसमें कम से कम एक अक्षर, एक संख्या और एक स्पेशल कैरेक्टर होना चाहिए)।
9. अभ्यर्थी का मोबाइल नंबर: {कृपया अपना सक्रिय मोबाइल नंबर दर्ज करें, प्रवेश प्रक्रिया के दौरान विभिन्न चरणों में ओटीपी केवल इसी मोबाइल नंबर पर भेजा जाएगा}।
10. Captcha(कैप्शा): वहां दिख रहे Captcha को भरें.
11. अब साइन अप करें.
12. अभ्यर्थी द्वारा एक बार साइन अप करने के बाद, उसके पंजीकृत ईमेल पते पर एक पुष्टिकरण(confirmation) ईमेल भेजा जाएगा।
13. महत्वपूर्ण पंजीकरण विवरण (Registration Details) आपकी स्क्रीन पर दिखाई देंगे। कृपया समस्त विवरण की जाँच कर लें और इसकी पुष्टि (confirmation) करें। यदि किसी सूचना में

परिवर्तन की आवश्यकता है, तो परिवर्तन विकल्प(Change Option) का उपयोग किया जा सकता है।

14. पंजीकरण प्रक्रिया(Registration process) अब आरंभ कर दी गई है। अभ्यर्थी को एक पुष्टिकरण ईमेल प्राप्त होगा जिसमें एक एक्टिवेशन लिंक और लॉगिन विवरण होगा। आपको ईमेल आईडी और छह अंकों का एक्टिवेशन कोड भरना होगा। अभ्यर्थी का पंजीकरण खाता (Registration account) अब सक्रिय हो जाएगा। लॉगिन पर क्लिक करते ही डैशबोर्ड दिखाई देगा। फिर से लॉगिन करें। साइन इन का विकल्प दिखाई देगा|


---

चरण : **II**

1. नियमों और विनियमों को एक बार अच्छी तरह पढ़ लेने के बाद, अभ्यर्थी अगले चरण-II यथा **"My Application"** पर आगे बढ़ सकता है।


2. फॉर्म की पुष्टि (confirming) करके और जोड़कर (adding) आगे बढ़ें।

3. नीचे प्रदर्शित इंटरफ़ेस दिखाई देगा:




बायीं ओर 7 चरण हैं जिन्हें अभ्यर्थी को ध्यानपूर्वक भरना होगा -

अभ्यर्थी का विवरण (Applicant's Details), शैक्षिक विवरण(Educational Details), दस्तावेज़ अपलोड(Document Upload), फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करें (Upload Photo and Signature), पाठ्यक्रम चयन(Program Select), बैंक खाता विवरण(Bank Account Details), पूर्वावलोकन और पुष्टि करें(Preview and Confirm ) {सभी विवरण भरें, वस्तु स्थिति की पूर्णता जांचें}




आगे बढ़ने से पूर्व अभ्यर्थी के पास समस्त दस्तावेज (सॉफ्ट कॉपी के रूप में) उपलब्ध होने चाहिए जैसे: पासपोर्ट साइज़ फोटो, डिजिटली स्कैन किए गए हस्ताक्षर, 10वीं और 12वीं का अंकपत्र, स्नातक का अंकपत्र, जाति और आय प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) और कोई अन्य संबन्धित प्रमाण पत्र जिसके लिए दावा किया गया हो।

## चरण 1: अभ्यर्थी का विवरण(Applicant's Details)

अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, माता का नाम, मोबाइल नंबर, वर्ग {कृपया केवल वैध दस्तावेज़ अपलोड करें। यदि दावा किसी भी समय गलत पाया जाता है, तो उम्मीदवारी तत्क्षण रद्द कर दी जाएगी}, जन्म तिथि, लिंग, राष्ट्रीयता और दिव्यांगता का प्रकार, बी.एच.यू. कर्मचारी, बी.एच.यू. छात्र संस्थागत प्राथमिकता, खेल कोटा [यदि कोई लागू हो]।

यदि कोई आपराधिक मामला लंबित है, तो संबंधित कॉलम आदि में विवरण प्रदान करें। पहचान प्रकार [फोटो के साथ सरकारी पहचान प्रमाण: एक विकल्प चुनें, पहचान प्रकार में आपने जो पहचान संख्या दी है उसे डालें।

छात्रावास: यदि छात्रावास की आवश्यकता है, तो अभ्यर्थी को इसी चरण में इसका विकल्प चुनना होगा।

डिजिलॉकर/यूजर आईडी: यदि लागू हो प्रयोग करें।

स्थायी पता: [आधार कार्ड के अनुसार]:

कॉलम भरें

पत्राचार हेतु पता:

अपेक्षित जानकारी हेतु कॉलम भरें। यदि पत्राचार और स्थायी पता समान हैं तो दिए गए बॉक्स पर टिक करें।

**सहेजें और आगे बढ़ें (Save and Proceed)**

## चरण 2: शैक्षणिक विवरण(Educational Details)

दिए गए कॉलम में 10वीं, 12वीं और स्नातक उपाधि की परीक्षाओं का विवरण भरें। विवरण की पुनः जाँच कर लें।

**सहेजें और आगे बढ़ें (Save and Proceed)**

## चरण 3: दस्तावेज़ अपलोड (Document Upload)

कृपया संबंधित दस्तावेज़ अपलोड करें।

नोट: अपेक्षित दस्तावेजों को अपलोड करने के बाद ही आप आगे बढ़ सकते हैं। आवेदक विवरण (Applicant's Details) चरण में आपके द्वारा दर्ज किए गए विवरण संबंधी दस्तावेज अपलोड करने हैं।

**सहेजें और आगे बढ़ें (Save and Proceed)**

## चरण 4: फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करें (Upload Photo and Signature)

एक पासपोर्ट फोटो चुनें और अपलोड करें (इमेज 100 केबी से कम और केवल जेपीईजी/जेपीजी प्रारूप में होनी चाहिए)

अपना हस्ताक्षर चुनें और अपलोड करें (इमेज 100 केबी से कम होनी चाहिए और केवल जेपीईजी/जेपीजी प्रारूप में होनी चाहिए)

नोट: कृपया स्पष्ट फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करें। हस्ताक्षर सफेद पृष्ठभूमि पर काले/नीले पेन का उपयोग करके होना चाहिए। आप अपना फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करने के बाद ही अगले चरण में जा सकते हैं।

**सहेजें और आगे बढ़ें (Save and Proceed)**

## चरण 5: कार्यक्रम चयन (Program Selection)

कार्यक्रम चयन (Program Selection):

**1. किसी एक कार्यक्रम पर टिक लगाकर उसका चयन करें।**

**2.** कार्यक्रम नियमित सीटों के लिए डिफ़ॉल्ट रूप से सूचीबद्ध हैं।

**3.** तथापि, **पेड सीट** विकल्प (जहाँ भी उपलब्ध हो) का चयन करने पर अभ्यर्थी को नियमित और पेड सीट दोनों विकल्पों के लिए विचार किया जाएगा।

**4.** यदि आप पेड सीट का विकल्प नहीं चुन रहे हैं, तो आपके आवेदन हेतु केवल नियमित सीट पर ही विचार किया जाएगा।

**5.** कार्यक्रम चयन को अंतिम रूप देने के बाद अभ्यर्थी रजिस्ट्रेशन की कुल राशि देख सकते हैं जो उन्हें आगे बढ़ने के लिए भुगतान करना होगा।

**सहेजें और आगे बढ़ें (Save and Proceed)**

## चरण 6: बैंक खाता विवरण (Bank Account Details)

कृपया बैंक का नाम, शाखा का नाम, बैंक खाता संख्या, आईएफएससी कोड और खाता धारक के नाम का विवरण प्रदान करें।

**चेतावनी**: **कृपया सुनिश्चित करें कि शुल्क वापसी के मामले में, वापसी केवल ऊपर दर्शाए गए खाता संख्या में ही किया जाएगा।**

**सहेजें और आगे बढ़ें (Save and Proceed)**


**अब पंजीकरण(**Registration) **फॉर्म प्रदर्शित होगा और जब अभ्यर्थी एक बार "मैं उपरोक्त की पुष्टि करता हूं"(**“I CONFIRM THE ABOVE”) **पर टिक कर देता है और "पुष्टि करें और जमा करें"(**“CONFIRM AND SUBMIT”) **का चयन करता है तो यह अभ्यर्थी को "भुगतान के लिए आगे बढ़ें" (**“PROCEED TO PAYMENT”) **की ओर ले जाएगा।**

## भुगतान हेतु निर्देश :

चयनित कार्यक्रम के अनुसार स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के चयन हेतु पंजीकरण (Registration) फॉर्म में आगे बढ़ने के लिए अभ्यर्थियों को अप्रतिदेय(NON-REFUNDABLE ) पंजीकरण शुल्क के हस्तांतरण के लिए निम्नलिखित विकल्प मिलेंगे।

**अभ्यर्थी किसी भी ऑनलाइन माध्यम जैसे क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, एसबीआई नेट बैंकिंग, अन्य बैंक नेट बैंकिंग और यूपीआई का उपयोग करके भुगतान कर सकते हैं।**

भुगतान(Payment)पेमेंट का इंटरफ़ेस इस प्रकार प्रदर्शित होगा :




भुगतान के साथ आगे बढ़ने के लिए कृपया नीचे **"Pay Now Submit Application"** बटन पर क्लिक करें या यदि आप भुगतान प्रक्रिया रद्द करना चाहते हैं तो **'Cancel'** बटन पर क्लिक करें। कृपया ध्यान रखें कि शुल्क जमा हो जाने के उपरांत आवेदन पत्र में आपके द्वारा दिए गए विवरण में कोई परिवर्तन संभव नहीं होगा।


**भुगतान के लिए आगे बढ़ने के बाद अभ्यर्थी को एक नया इंटरफ़ेस दिखाई देगा जैसा कि यहाँ प्रदर्शित है।** अब उचित माध्यम चुनें और पंजीकरण (Registration) फॉर्म के अंतिम चरण यानी पाठ्यक्रम प्राथमिकता जोड़ें (Add Course Preference) पर आगे बढ़ने के लिए भुगतान की प्रक्रिया पूरी करें।

उसके बाद, अभ्यर्थी को उसके पंजीकृत ईमेल पर पंजीकरण शुल्क (Registration Fee) भुगतान का विवरण मिलेगा।


## चरण 7: पूर्वावलोकन और पुष्टि करें (Preview and Confirm)

इस चरण पर, अभ्यर्थी को आवेदन पत्र में प्रत्येक विवरण का सावधानीपूर्वक पूर्वावलोकन (Preview) कर लेना चाहिए और अगले चरण पर आगे बढ़ने की पुष्टि (Confirm) करनी चाहिए।

डैशबोर्ड पर अगला चरण ऐड कोर्स प्रेफरेंस (**Add Course Preference**) होगा, जहां अभ्यर्थी को चयनित कार्यक्रमों के सापेक्ष पाठ्यक्रम प्राथमिकता जोड़ना (Add Course Preference) होगा।




प्राथमिकता जोड़ने के लिए, अभ्यर्थी को व्यू (VIEW) विकल्प से "+ADD Preference" का चयन करना होगा। यह अभ्यर्थी को अगले पेज पर ले जाएगा।




इस पेज पर, अभ्यर्थी द्वारा चयनित कार्यक्रम के सापेक्ष ड्रॉप बॉक्स में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम सूचीबद्ध हैं।

अपनी पसंद का स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम का चयन करें और उसका स्थान जोड़ें। स्थान अभ्यर्थी को सूचित करेगा कि संबंधित पाठ्यक्रम उस स्थान पर संचालित होता है।


स्थान (Location) पर टिक करें।

स्थान जोड़ें (Add the location)

स्थान सहेजें (Save the location)- आपकी प्राथमिकताओं से संबंधित एक पुष्टिकरण बॉक्स को ओके करना होगा।

किसी अन्य पाठ्यक्रम के चयन के लिए GO Back विकल्प का उपयोग करें। यह अभ्यर्थी को चयनित कार्यक्रम के अगले पाठ्यक्रम को जोड़ने के लिए वापस ले जाएगा।

अगले चयनित कार्यक्रम को सहेजने के लिए पिछले चरणों को दोहराएँ। जैसे ही अभ्यर्थी कार्यक्रम के अनुसार पाठ्यक्रम का चयन पूरा करेगा और सहेजेगा, विवरण वरीयता गणना और उसकी वस्तु स्थिति के रूप में दाईं ओर दिखाई देगा।




पूर्वावलोकन और प्रिंट पंजीकरण और वरीयता फॉर्म' ('PREVIEW AND PRINT REGISTRATION & PREFERENCE FORM) पर जाएं।

**अभ्यर्थी को फॉर्म सफलतापूर्वक भरकर पूरा होने की सूचना मिल जाएगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे रिकॉर्ड के लिए पंजीकरण(**registration) **और पाठ्यक्रम वरीयता (**course preference )**फॉर्म प्रिंट कर के रख लें ।**

**धन्यवाद**